# सांस्कृतिक गतिविधि विवरण 2025-26

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवानी में दिनांक 15/16/09/2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ रणजीत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी नीलम रानी (हिन्दी) ने सफल संचालन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य दो दिवसीय आधारित ऑन स्टेज और ऑफ स्टेज अनेक कलाओं में विद्यार्थियों की प्रतिभा को खोजने, पहचानने का रहा। जिसमें विद्यार्थियों ने अधिकतम कलाओं जैसे नृत्य, गायन, भाषण कविता पाठ हिन्दी, पंजाबी, राजस्थानी हरियाणवी अनेक भाषाओं में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शोभा एवं विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जयप्रकाश दलाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम विजया मलिक जी का अतुलनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथिगण ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधे लगाकर प्रकृति सुरक्षा का संदेश दिया। विद्यार्थियों के हुनर को बढ़ाने एवं सुअवसर प्रदान करने में महाविद्यालय प्राचार्य का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में तथा पूरे बीते वर्ष में अन्य क्षेत्रों में बाजी मारने वाले विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं उचित पुरस्कार राशि बांटी गई। प्रसिद्ध समाज सेवी बाबूराम जिंदल ने भी बच्चों को कार्यक्रम के दौरान पहुँचकर आर्थिक मदद कर, आगे बढ़ने में हर संभव प्रयास किया। मैडम एसडीएम विजया मलिक ने ग्रामीण इलाके के विद्यार्थियों की कला प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफल सन्चालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम टीम के साथ-साथ सभी स्टाफ साथियों का सराहनीय योगदान रहा।

Neelam Rani
सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी
श्रीमती नीलम रानी

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सिवानी (भिवानी)